खान मंत्रालय
भारत सरकार

राष्ट्रीय

खनिज खोज न्यास

(खान मंत्रालय के तत्वधान में एक
स्वायत्त निकाय)

वार्षिक रिपोर्ट
2023-2024

विषय-वस्तु

क्र. सं.	अध्याय	पृ. सं.
1.	राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास: एक अवलोकन	04
	• विजन	04
	• उद्देश्य और कार्य	05
2.	राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास की अवसंरचना	06
	• शासी निकाय के कार्य	06
	• शासी निकाय की संरचना	07
	• कार्यकारी समिति के कार्य	08
	• कार्यकारी समिति की संरचना	09
	• परियोजनाओं का तकनीकी मूल्यांकन	10
	• तकनीकी-सह-लागत समिति की संरचना	10
	• एनएमईटी सचिवालय की संरचना	11
3.	शासी निकाय, कार्यकारी समिति और तकनीकी-सह-लागत समिति की बैठकें	12
	• शासी निकाय	12
	• कार्यकारी समिति	13
	• तकनीकी-सह-लागत समिति	15
4.	पुरस्कार और प्रोत्साहन	17
5.	आधारभूत सर्वेक्षण और डेटा सृजन	19
	• राष्ट्रीय हवाई-भूभौतिकीय मानचित्रण कार्यक्रम (एनएजीएमपी)	19
	• राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपोजिटरी (एनजीडीआर)	21
	• राष्ट्रीय भूभौतिकीय मानचित्रण कार्यक्रम (एनजीपीएम)	21
	• गहन-भूकंपीय परावर्तन सर्वेक्षण (डीएसआरएस) और मैग्नेटोटेल्यूरिक सर्वेक्षण (एमटी)	21
6.	परियोजनाओं की स्थिति	23
7.	वित्तीय निष्पादन	27
8.	अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियां	29
9.	एनएमईटी द्वारा किए गए कार्यों की मुख्य विशेषताएं	31
10.	वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान एनएमईटी की उपलब्धि	33
	अनुलग्नक-1 एनएमईटी की अधिसूचना	34
	अनुलग्नक-2 एनएमईटी के नियम	37
	अनुलग्नक-3 एनएमईटी संशोधन नियम, 2018	47
	अनुलग्नक-4 खनिज अन्वेषण में अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियों को लगाने हेतु योजना	51
	अनुलग्नक-5 खनिज ब्लॉकों की नीलामी के लिए राज्य सरकार को प्रोत्साहन योजना	59
	अनुलग्नक-6 राज्य सरकारों को मशीनरी/प्रयोगशाला उपकरण/यंत्रों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की स्कीम	61
	अनुबंध- 7 वित्त वर्ष 2023-24 में एनएमईटी द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं की सूची	65

अनुलग्नक-8 वित्त वर्ष 2023-24 में अनुमोदित खनिज अन्वेषण परियोजनाओं की सूची 72

अनुलग्नक-9 वित्त वर्ष 2023-24 में अनुमोदित आधारभूत भूविज्ञान आकड़ा सृजन परियोजनाओं की सूची 80

अनुलग्नक-10 वित्त वर्ष 2023-24 में अनुमोदित खरीद परियोजनाओं की सूची 81

अनुलग्नक-11 एनएमईटी के माध्यम से सीधे खनिज अन्वेषण में अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियों को लगाने की योजना 82

अनुलग्नक-12 वित्तीय सहायता के लिए मशीनरी/प्रयोगशाला उपकरण/उपकरण की खरीद की विस्तृत सूची 93

फ़ील्ड फ़ोटो 95

खान मंत्रालय
भारत सरकार

राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास: एक अवलोकन

खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 9सी (1) एवं 9सी (2, 3, 4 एवं 13) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार ने 14 अगस्त, 2015 के राजपत्र अधिसूचना द्वारा क्रमशः 'राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास' (एनएमईटी) की स्थापना की तथा उन्नत वैज्ञानिक एवं तकनीकी पद्धतियों आदि के आधार पर क्षेत्रीय एवं विस्तृत खनिज अन्वेषण गतिविधियों, खनिज विकास, सतत खनन एवं खनिज निष्कर्षण धातुकर्म को बढ़ावा देने के उद्देश्यों के साथ राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण नियम, 2015 तैयार किए। इस ट्रस्ट को खनन पट्टा और पूर्वेक्षण लाइसेंस -सह-खनन पट्टा धारकों से योगदान प्राप्त होता है। एनएमईटी योगदान एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची के तहत खनिजों के लिए भुगतान रॉयल्टी के 2% के बराबर है। एनएमईटी अधिसूचना और नियम अनुलग्नक-1, 2 और 3 के रूप में संलग्न हैं।

इस न्यास का समग्र नियंत्रण, आवधिक समीक्षा और नीति निर्देश माननीय केंद्रीय खान मंत्री की अध्यक्षता वाली शासी निकाय (जीबी) के पास है। शासी निकाय न्यास के कामकाज के लिए व्यापक नीतिगत ढांचा निर्धारित करता है और इसके कामकाज की समीक्षा करता है। सचिव, खान मंत्रालय की अध्यक्षता वाली कार्यकारी समिति (ईसी), ट्रस्ट की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों का प्रबंधन, प्रशासन और पर्यवेक्षण करती है और नियमित अंतराल पर ट्रस्ट की गतिविधियों की निगरानी और समीक्षा करती है। खनिज अन्वेषण परियोजना प्रस्तावों के तकनीकी और लागत मापदंडों का मूल्यांकन करने, क्षमता निर्माण और आधारभूत सर्वेक्षण परियोजना प्रस्तावों के लिए एक तकनीकी-सह-लागत समिति (टीसीसी) का भी गठन किया गया है। टीसीसी अनुमोदन के लिए ईसी को उपयुक्त प्रस्तावों की सिफारिश करती है।

विजन:

भारत में खनन क्षेत्र की वृद्धि और विकास के लिए क्षेत्रीय और विस्तृत अन्वेषण गतिविधियों को बढ़ाना।

उद्देश्य और कार्य:

1.	गहराई में स्थित या छुपे हुए खनिज निक्षेपों की पहचान, अन्वेषण, निष्कर्षण करना, सञ्जीकरण करना और परिष्कृत करना।
2.	खनिज विकास, सतत खनन, उन्नत वैज्ञानिक और तकनीकी पद्धतियों को अपनाने तथा खनिज निष्कर्षण, धातुकर्म हेतु अध्ययन करना।
3.	विशेष रूप से सामरिक और महत्वपूर्ण खनिजों को प्राथमिकता देते हुए, अधिनियम के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार खनिज रियायतें प्रदान करने के लिए क्षेत्रीय और विस्तृत अन्वेषण के लिए क्षेत्रों की खोज शुरू करना।
4.	आधुनिक प्रौद्योगिकियों के माध्यम से गहरे स्थित खनिज निक्षेपों के लिए उच्च जोखिम अन्वेषण करने सहित स्पष्ट भूवैज्ञानिक क्षमता (ओजीपी) क्षेत्रों में ब्राउन-फील्ड क्षेत्रीय अन्वेषण परियोजनाओं (जी3) को पूरा करने में सुविधा प्रदान करना;
5.	पूरे भारत में जी3 चरण अन्वेषण पूर्ण हो चुके क्षेत्रों में विस्तृत अन्वेषण (जी2 और जी1) को बढ़ावा देना।
6.	ओजीपी क्षेत्रों और शेष भारत के भूभौतिकीय, जमीनी और हवाई सर्वेक्षण और भू-रासायनिक सर्वेक्षण में सुविधा प्रदान करना।
7.	पृथ्वी विज्ञान में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने तथा खनिज संभावनाओं के मूल्यांकन के लिए एक राष्ट्रीय कोर भंडार की सुविधा प्रदान करना।
8.	अन्वेषण में लगे या लगने वाले कार्मिकों की तकनीकी क्षमता बढ़ाने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करना।

खान मंत्रालय
भारत सरकार

राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास का गठन

राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास दो स्तरीय संरचना में काम करता है, जिसमें शासी निकाय (जीबी) और कार्यकारी समिति (ईसी) के रूप में इसके दो सर्वोच्च प्राधिकरण हैं। एनएमईटी का समग्र नियंत्रण, आवधिक समीक्षा और नीति निर्देश शासी निकाय के पास है, जबकि कार्यकारी समिति ट्रस्ट की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों का प्रबंधन, कार्यान्वयन और पर्यवेक्षण करती है।

शासी निकाय के कार्य

1. शासी निकाय एनएमईटी के कामकाज के लिए व्यापक नीतिगत ढांचा तैयार करता है और इसके कामकाज की समीक्षा करता है।
2. कार्यकारी समिति की सिफारिशों पर शासी निकाय एनएमईटी की वार्षिक योजना और वार्षिक बजट को भी मंजूरी देता है।

शासी निकाय की संरचना

क्र.सं.	सदस्य
1	श्री प्रल्हाद जोशी, माननीय कोयला एवं खान मंत्री अध्यक्ष, पदेन
2	श्री हरदीप सिंह पुरी , माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री सदस्य, पदेन
3	डॉ. जितेन्द्र सिंह, माननीय परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री सदस्य, पदेन
4	श्री राव साहब पाटिल दानवे, माननीय खान राज्य मंत्री सदस्य, पदेन
5	श्री पी. रामचंद्र रेड्डी, माननीय खान एवं भूविज्ञान मंत्री, आंध्र प्रदेश सरकार सदस्य, पदेन
6	श्री जोगेन मोहन, माननीय खान एवं खनिज विभाग मंत्री, असम सरकार सदस्य, पदेन
7	श्री प्रफुल्ल कुमार मलिक, माननीय इस्पात और खान मंत्री, ओडिशा सरकार सदस्य, पदेन
8	श्री भूपेश बघेल, माननीय मुख्यमंत्री और खनन मंत्री, छत्तीसगढ़ सरकार सदस्य, पदेन
9	श्री अचार हलप्पा बसप्पा, माननीय खान एवं भूविज्ञान मंत्री, कर्नाटक सरकार सदस्य, पदेन
10	श्री भूपेंद्र पटेल, माननीय मुख्यमंत्री और उद्योग व खान मंत्री, गुजरात सरकार सदस्य, पदेन
11	श्री विवेक भारद्वाज, सचिव, खान मंत्रालय (अगस्त, 2023 तक) श्री वी. एल. कांता राव, सचिव, खान मंत्रालय (सितंबर, 2023 से) संयोजक, पदेन

खान मंत्रालय
भारत सरकार

कार्यकारी समिति के कार्य

1. एनएमईटी की गतिविधियों का प्रबंधन, प्रशासन और पर्यवेक्षण करना तथा नियमित अंतराल पर निधियों के व्यय की निगरानी और समीक्षा करना।
2. वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन के लिए योजना तैयार करना और उसे अंतिम रूप देना।
3. टीसीसी की सिफारिशों पर राज्य सरकार/केन्द्र और राज्य एजेंसियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या किसी निजी क्षेत्र की संस्थाओं से परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होने पर इन परियोजनाओं की मंजूरी देना एवं कार्यान्वित करना।
4. कार्यकारी समिति ऐसे कार्यों को करने के लिए समितियों या उप-समितियों का गठन कर सकती है जो कार्यकारी समिति द्वारा ऐसी समितियों या उप-समितियों को सौंपे गए या प्रत्यायोजित किए गए हैं।
5. कार्यकारी समिति ट्रस्ट के उद्देश्यों के अनुरूप परियोजनाओं को स्वयं अथवा राज्य सरकार अथवा निजी क्षेत्र की संस्थाओं सहित किसी अन्य संस्था से परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होने पर कार्यान्वित कर सकती है।
6. कार्यकारी समिति परियोजनाओं के तेजी से कार्यान्वयन के लिए अधिनियम के अनुरूप अपनी स्वयं की प्रक्रियाएं तैयार कर सकती है।



कार्यकारी समिति की संरचना

क्र. सं.	सदस्य
1	श्री विवेक भारद्वाज, सचिव, खान मंत्रालय (अगस्त, 2023 तक) श्री वी. एल. कांता राव, सचिव, खान मंत्रालय (सितंबर, 2023 से) अध्यक्ष, पदेन
2.	श्री संजय लोहिया, अपर सचिव, खान मंत्रालय एवं सीजी, आईबीएम सदस्य सचिव, पदेन
3.	डॉ. एस. राजू, महानिदेशक, जीएसआई (मई, 2023 तक) श्री जनार्दन प्रसाद, महानिदेशक, जीएसआई (जून, 2023 से) सदस्य, पदेन
4.	श्रीमती निरुपमा कोटरू, संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, खान मंत्रालय, सदस्य, पदेन
5.	डॉ. बी. सर्वानिन, निदेशक, परमाणु खनिज निदेशालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, सदस्य, पदेन
6.	श्री आनंदजी प्रसाद, सलाहकार, कोयला मंत्रालय, सदस्य, पदेन
7.	श्री आर. के. कुरील, निदेशक, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, सदस्य, पदेन
8.	श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान सचिव, मध्य प्रदेश राज्य सरकार प्रतिनिधि, सदस्य
9.	श्री रवींद्र गुरव, संयुक्त सचिव, महाराष्ट्र राज्य सरकार प्रतिनिधि, सदस्य
10.	श्री संदेश नायक, निदेशक, राजस्थान राज्य सरकार प्रतिनिधि, सदस्य
11.	श्री जे. जयकांतन, आयुक्त (उद्योग), तमिलनाडु राज्य सरकार प्रतिनिधि, सदस्य
12.	श्री नरेश नौटियाल (सेवानिवृत्त), प्रमुख (बीडी एवं पी), एमईसीएल, तकनीकी विशेषज्ञ
13.	श्री आलोक शर्मा (सेवानिवृत्त), महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष (अन्वेषण), सीएमपीडीआईएल, तकनीकी विशेषज्ञ
14.	डॉ. एल.एस. शेखावत, उप महानिदेशक (सेवानिवृत्त), जीएसआई, तकनीकी विशेषज्ञ (अक्टूबर, 2022 से)
15.	डॉ. यमुना सिंह, वैज्ञानिक-एच (सेवानिवृत्त), एएमडी, तकनीकी विशेषज्ञ (अक्टूबर, 2022 से)
16.	डॉ. सहेंद्र सिंह, सहायक प्रोफेसर, आईआईटी (आईएसएम), धनबाद, तकनीकी विशेषज्ञ (अक्टूबर, 2022 से)
17.	श्री जनार्दन प्रसाद, अपर महानिदेशक, जीएसआई और अध्यक्ष, टीसीसी, आमंत्रित (मई, 2023 तक) डॉ. एस. रवि, उप महानिदेशक, जीएसआई और अध्यक्ष, टीसीसी, आमंत्रित (जून, 2023 से)

खान मंत्रालय
भारत सरकार

परियोजनाओं का तकनीकी मूल्यांकन

कार्यकारी समिति ने दिनांक 21 फरवरी, 2021 को आयोजित अपनी चौथी बैठक में परियोजनाओं के तकनीकी और लागत मूल्यांकन के लिए एनएमईटी की तकनीकी-सह-लागत समिति (टीसीसी) के गठन को मंजूरी दी।

तकनीकी-सह-लागत समिति की संरचना

क्र. सं.	सदस्य
1	श्री जनार्दन प्रसाद, अपर महानिदेशक, जीएसआई और अध्यक्ष, टीसीसी (मई, 2023 तक) डॉ. एस. रवि, उप महानिदेशक, जीएसआई और अध्यक्ष, टीसीसी (जून, 2023 से)
2	श्री आई.आर. किरमानी, अपर महानिदेशक (सेवानिवृत्त), जीएसआई
3	श्री हेमराज सूर्यवंशी, अपर महानिदेशक (सेवानिवृत्त), जीएसआई
4	श्री के. कोटेश्वर राव, उप महानिदेशक (सेवानिवृत्त), जीएसआई
5	श्री एस. के. अधिकारी, मुख्य खनन भूवैज्ञानिक, आईबीएम, नागपुर
6	श्री एस. के. कुलश्रेष्ठ, उप महानिदेशक, जीएसआई
7	डॉ. ई.वी.एस.एस.के. बाबू, वैज्ञानिक-एच, सीएसआईआर-एनजीआरआई, हैदराबाद
8	श्री के. एल. मुंद्रा, प्रमुख-आरएमआरई, परमाणु खनिज निदेशालय
9	श्री ए. आर. सेनगुप्ता, निदेशक (आईएफडी), खान मंत्रालय
10	श्री विवेक कुमार शर्मा, निदेशक और विभागाध्यक्ष, एनएमईटी, खान मंत्रालय
11	श्रीमती वंदना, लागत लेखा अधिकारी, जीएसआई, दक्षिण क्षेत्र, बैंगलोर
12	श्री पी.के. महाराणा, एजीएम (वित्त), नालको, भुवनेश्वर
13	श्री रवि गुप्ता, डीजीएम (वित्त), एचसीएल, कोलकाता
14	श्री सी. पार्थसारथी, निदेशक, जीएसआई (सदस्य सचिव)

एनएमईटी सचिवालय की संरचना

क्र. सं.	सदस्य
1	श्री विवेक भारद्वाज, सचिव, खान मंत्रालय (अगस्त, 2023 तक) श्री वी. एल. कांता राव, सचिव, खान मंत्रालय (सितंबर, 2023 से)
2	श्री संजय लोहिया, अपर सचिव, खान मंत्रालय
3	श्री विवेक कुमार शर्मा, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष
4	डॉ. संगीता गुप्ता, अधीक्षण भूवैज्ञानिक
5	श्रीमती अंजू सी.एस., अधीक्षण भूवैज्ञानिक
6	श्री सेबब्रत दास, वरिष्ठ भूवैज्ञानिक
7	श्री रवि दत्त, लागत लेखा अधिकारी
8	डॉ. राजेश शर्मा, वरिष्ठ भूवैज्ञानिक
9	श्री अक्षय वर्मा, भूवैज्ञानिक
10	श्री जयंत गुप्ता, सहायक लागत लेखा अधिकारी
11	श्री सुनील कुमार, प्रशासनिक अधिकारी
12	श्रीमती उज्ज्वला शर्मा, सहायक प्रबंधक (भूविज्ञान)
13	श्री योगेश अग्रवाल, सहायक

खान मंत्रालय
भारत सरकार

शासी निकाय, कार्यकारी समिति और तकनीकी-सह-लागत समिति की बैठकें

(क) शासी निकाय

शासी निकाय की पांचवी बैठक दिनांक 28 जून, 2023 को आयोजित की गई। बैठक की महत्वपूर्ण चर्चाएं इस प्रकार हैं:

1. न्यास का समग्र नियंत्रण, आवधिक समीक्षा और नीति निर्देश शासी निकाय (जीबी) के पास हैं।

2. एनएमईटी ने खनिज अन्वेषण में अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियों (एनपीईए) को कार्यरत करने के लिए तंत्र स्थापित करने तथा एनएमईटी या राज्य सरकार के माध्यम से इन कार्यों के वित्तपोषण को सक्षम करने के उद्देश्य से अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियों (एनपीईए) को कार्यरत करने की योजना शुरू की थी। एनएमईटी ने 9 राज्यों में 06 एनपीईए की 23 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनकी अनुमानित लागत ₹ 24.74 करोड़ है (अनुलग्नक-4) ।

3. (i) राज्यों को खनिज ब्लॉकों की नीलामी में तेजी लाने की सुविधा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास से राज्य सरकारों को वित्तीय प्रोत्साहन की योजना माननीय खान मंत्री और एनएमईटी के शासी निकाय के अध्यक्ष द्वारा दिनांक 29 दिसंबर, 2021 को अनुमोदित किया गया। एनएमईटी ने राज्य सरकारों को प्रोत्साहन के रूप में वित्त वर्ष 2023-24 (अनुलग्नक-5) में कुल ₹ 25.66 करोड़ जारी किए हैं।

   (ii) केंद्र सरकार के संगठनों और राज्य डीजीएम/डीएमजी को मशीनरी/उपकरण/यंत्रों की खरीद/मौजूदा सॉफ्टवेयर और अन्य नवीनतम प्रौद्योगिकी उपकरणों के उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता की योजना को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के तहत राज्य डीजीएम/डीएमजी की ₹45.10 करोड़ की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है (अनुलग्नक-6)।

4. सभी राज्य सरकारों के बीच एनएमईटी के विजन और उद्देश्य को प्रसार के लिए, सभी राज्य खनन मंत्रियों की एक बैठक आयोजित करने की आवश्यकता है ताकि उन्हें राज्य सरकारों को एनएमईटी में उपलब्ध अवसरों के बारे में जानकारी दी जा सके जिससे वे एनएमईटी योजनाओं का अधिकतम उपयोग कर सके।

5. वित्त वर्ष 2015-16, 2016-17 और 2017-18 के खातों का सी एवं ए जी द्वारा लेखा परीक्षा किया गया। सी एवं ए जी ऑडिट पैरा के 8 उप-पैरा में से 6 का निपटान वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान किया गया।

6. एनएमईटी द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 की एनएमईटी की अनुमोदित वार्षिक रिपोर्ट परिचालित की गई थी।

7. एनएमईटी द्वारा वित्त पोषित अन्वेषण परियोजनाओं के भुगतान के लिए वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अनुपूरक अनुदान में 160 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए स्वीकृत परियोजनाओं पर व्यय के लिए 400 करोड़ रुपये का बजट अनुमान स्वीकृत किया गया है। जीबी ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक योजना और वार्षिक बजट को मंजूरी दी।

8. चूंकि, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड राज्यों से कार्यकारी समिति के वर्तमान में मनोनीत सदस्यों (पदेन) का कार्यकाल पूरा हो चुका है, इसलिए मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और तमिलनाडु के प्रतिनिधियों को कार्यकारी समिति में सदस्य (पदेन) के रूप में शामिल किया गया है। अन्य प्रमुख खनिज राज्यों को आमंत्रित सदस्य के रूप में बुलाया जा सकता है।

9. माननीय खान मंत्री और अध्यक्ष, शासी निकाय, एनएमईटी ने आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक और ओडिशा के खान एवं भूविज्ञान के प्रभारी मंत्रियों को एनएमईटी के शासी निकाय के पदेन सदस्य के रूप में नामित किया है।

10. माननीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री तथा अध्यक्ष, जीबी, एनएमईटी ने राज्य सरकारों और अन्वेषण एजेंसियों से देश में अन्वेषण गतिविधियों को बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षों में खनन क्षेत्र से देश के सकल घरेलू उत्पाद में 2.5% योगदान मिलने की उम्मीद है। उन्होंने राज्य सरकारों को ओडिशा, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से प्रेरणा लेने की सलाह दी जहां अन्वेषण गतिविधियों से राज्यों को पर्याप्त राजस्व प्राप्त हुआ है।

(ख) कार्यकारी समिति (ईसी)

वर्ष 2023-24 के दौरान, कार्यकारी समिति की पाँच बैठकें (30वीं से 34वीं) आयोजित की गईं। कार्यकारी समिति ने वर्ष के दौरान ₹ 502.49 करोड़ की लागत वाली नवासी (89) परियोजनाओं को स्वीकृति दी जिनमें देश में खनिज अन्वेषण के लिए 72 परियोजनाएं, आधारभूत सर्वेक्षण के लिए 8 परियोजनाएं, केंद्रीय एजेंसियों और राज्य सरकारों को क्षमता निर्माण और प्रयोगशालाओं के उन्नयन के लिए मशीनरी की खरीद के लिए वित्तीय सहायता के लिए 8 परियोजनाएं और खान मंत्रालय की एस एवं टी प्रिज्म योजना के तहत 1 परियोजना शामिल हैं (अनुलग्नक-7) ।

ईसी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए:

30वीं ईसी बैठक का निर्णय:

- ईसी ने एनएमईटी की तकनीकी-सह-लागत समिति (टीसीसी) के पुनर्गठन को मंजूरी दी और डॉ. एस. रवि, उप महानिदेशक, जीएसआई को टीसीसी के अध्यक्ष के रूप में नामित करने को मंजूरी दी।
- ईसी ने स्पष्ट भूवैज्ञानिक क्षमता (ओजीपी) ब्लॉक-5, 9, 10 और 12 में बहु-संवेदी हवाई-भूभौतिकीय सर्वेक्षण को मंजूरी दी जिसकी अनुमानित लागत ₹ 150.68 करोड़ है।
- ईसी ने समकक्ष समीक्षकों का मानदेय ₹10,000 से बढ़ाकर ₹30,000 कर दिया।
- ईसी ने एनएमईटी निधि के माध्यम से खरीद के लिए 19 अतिरिक्त मदों की सूची को भी मंजूरी दी।
- ईसी ने ₹16.40 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से खनिज अन्वेषण के लिए 14 परियोजनाएं अनुमोदित की है।

31वीं ईसी बैठक का निर्णय:

- ईसी ने एनएमईटी द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं की खनिज अन्वेषण रिपोर्टों की समीक्षा के लिए बाह्य समकक्ष समीक्षकों के रूप में विशेषज्ञों के पैनल को मंजूरी दी।
- ईसी ने स्पष्ट भूवैज्ञानिक क्षमता (ओजीपी) क्षेत्र ब्लॉक-7 में बहु-संवेदी हवाई-भूभौतिकीय सर्वेक्षण को मंजूरी दी जिसकी अनुमानित लागत 35.75 करोड़ रुपये है।
- ईसी ने एनएमईटी की शुल्क अनुसूची (एसओसी) में संशोधन को मंजूरी दी और अन्वेषण प्रोत्साहन 10% से बढ़ाकर 25% कर दिया तथा राख विश्लेषण की दरें ₹335/- से बढ़ाकर ₹13,664/- कर दी।
- ईसी ने गुजरात भूरासायनिक मानचित्रण कार्यक्रम के तहत नमूनों के भूरासायनिक विश्लेषण को मंजूरी दी जिसकी अनुमानित लागत ₹22.67 करोड़ है।

- कार्यकारी समिति ने राज्य सरकारों को खनिज अन्वेषण के लिए ₹19.68 करोड़ की अनुमानित लागत वाली 12 परियोजनाओं और ₹1.17 करोड़ की अनुमानित लागत वाली खरीद की 02 परियोजनाओं को मंजूरी दी।



32वीं ईसी बैठक का निर्णय:

- ईसी ने एनएमईटी वित्त पोषित परियोजनाओं की खनिज अन्वेषण रिपोर्ट की समीक्षा के लिए बाह्य समीक्षक के रूप में प्रो. पी.आर. साहू के नामांकन को मंजूरी दी।
- ईसी ने भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, नई दिल्ली में खनन मंडप स्थापित करने के लिए ₹2.66 करोड़ व्यय को भी मंजूरी दी।
- ईसी ने एनएमईटी निधि के माध्यम से खरीद के लिए 32 अतिरिक्त मदों की सूची को भी मंजूरी दी।
- ईसी ने "उत्तरी भाग सहित गहन भूकंपीय परावर्तन सर्वेक्षण (डीएसआरएस) व मैगनेटो ट्यूलोरिक सर्वेक्षण (एमटी)" पर आधारभूत भूविज्ञान डेटा उत्पादन परियोजना को ₹99.733/- करोड़ की अनुमानित लागत सहित मंजूरी दी।
- ईसी ने राज्य सरकारों को खनिज अन्वेषण के लिए ₹68.22 करोड़ की अनुमानित लागत वाली 19 परियोजनाओं और ₹0.81 करोड़ की अनुमानित लागत वाली 3 परियोजनाओं को मंजूरी दी।

33वीं ईसी बैठक का निर्णय:

- ईसी ने भोपाल, मध्य प्रदेश में राज्य खनन मंत्रियों के दूसरे सम्मेलन के आयोजन के लिए ₹1.54 करोड़ के व्यय को मंजूरी दी।
- ईसी ने राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा भंडार (एनजीडीआर) पोर्टल के शुभारंभ और महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी के लिए रोड शो पर हुए ₹ 27.62 लाख के व्यय को भी मंजूरी दी।
- ईसी ने जी4 ब्लॉक में महत्वपूर्ण खनिज अन्वेषण के लिए एमईसीएल को ₹ 44.16 लाख के अन्वेषण प्रोत्साहन को मंजूरी दी।
- बैठक के दौरान ईसी ने ₹19.53 करोड़ की लागत वाले पंद्रह (15) अन्वेषण प्रस्तावों को मंजूरी दी और ₹36.65 करोड़ की लागत वाले राज्य सरकार और केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता के लिए 3 प्रस्तावों को मंजूरी दी।
- ईसी ने खान मंत्रालय की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एस एवं टी), स्टार्टअप्स में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने और खनन, खनिज प्रसंस्करण, धातुकर्म एवं पुनर्चक्रण क्षेत्र में एमएसएमई (PRISM) योजना के तहत ₹1.20 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत वाली एक स्टार्ट-अप परियोजना को मंजूरी दी।

34वीं ईसी बैठक का निर्णय:

- ईसी ने एनएमईटी प्रस्तावों के लिए तकनीकी-सह-लागत समिति (टीसीसी) को तीन माह तक (केवल एक अवसर पर) समय-सीमा विस्तार की शक्तियां सौंपी।
- बैठक के दौरान ईसी ने ₹17.10 करोड़ की लागत वाले ग्यारह (11) अन्वेषण प्रस्तावों को मंजूरी दी और राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता के लिए ₹6.91 करोड़ की लागत वाले 2 प्रस्तावों को मंजूरी दी।
- ईसी ने सभी राज्य सरकारों/एनपीईए/एनईए में एनएमईटी के विजन और उद्देश्य के प्रसार के लिए सभी राज्यों में कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित करने का भी निर्णय लिया।

(ग) तकनीकी-सह-लागत समिति :

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल बारह टीसीसी बैठकें (52वीं से 63वीं) आयोजित की गईं जिसमे 89 परियोजना प्रस्तावों का मूल्यांकन किया गया और एनएमईटी वित्त पोषण के लिए सिफारिश की गई।

टीसीसी बैठकों और अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है:

- 52वीं टीसीसी ने ₹10.45 करोड़ की लागत की 9 अन्वेषण प्रस्तावों की सिफारिश की। इसने 16 चालू परियोजनाओं की समीक्षा की और 9 चालू परियोजनाओं को समय-सीमा विस्तार प्रदान किया। इसने ठाकुरडीह-चरकमारा ब्लॉक (₹3.10 लाख), भरूसारी नॉर्थ ब्लॉक (₹57.36 लाख) और मुंडादेवता (₹18,967) को अतिरिक्त लागत अनुमोदन प्रदान किया।

- 53वीं टीसीसी ने ₹9.70 करोड़ की लागत की 8 अन्वेषण प्रस्तावों की सिफारिश की। इसने 24 चालू परियोजनाओं की समीक्षा की और 14 चालू परियोजनाओं को समय-सीमा विस्तार प्रदान किया। इसने हरदताल ब्लॉक (₹6.90 लाख) को अतिरिक्त लागत स्वीकृति प्रदान की।

- 54वें टीसीसी ने ₹3.37 करोड़ की लागत की 4 अन्वेषण प्रस्तावों की सिफारिश की। इसने 17 चालू परियोजनाओं की समीक्षा की और 5 चालू परियोजनाओं को समय-सीमा विस्तार प्रदान किया। इसने लखासर ईस्ट ब्लॉक (₹2.81 करोड़), भरूसारी नॉर्थ ब्लॉक (₹2.06 करोड़) और डीजीएम, कर्नाटक को अयस्क माइक्रोस्कोप की खरीद (₹12 लाख) के लिए अतिरिक्त लागत स्वीकृति प्रदान की। इसने आधारभूत सर्वेक्षण (एनएजीएमपी, ब्लॉक 7) के प्रस्ताव की भी सिफारिश की। इसने टीडीईएम हेलीबोर्न सर्वेक्षण के लिए 731 वर्ग किमी के वैकल्पिक क्षेत्र को भी मंजूरी दी।

- 55वीं टीसीसी ने ₹ 15.53 करोड़ की लागत वाले 9 अन्वेषण प्रस्तावों और ₹ 2.52 करोड़ की लागत वाले 3 खरीद प्रस्तावों की संस्तुति की। इसने 25 चालू परियोजनाओं की समीक्षा की और 9 चालू परियोजनाओं के लिए समय-सीमा विस्तार प्रदान किया। इसने उरटन नॉर्थ ब्लॉक के उत्तर में अतिरिक्त लागत (₹4,08,266) और डीजीएम, गोवा को डीजीएम और टोटल स्टेशन की खरीद के लिए (₹5,59,400) ईसी की मंजूरी के लिए सिफारिश की। टीसीसी ने ईसी की मंजूरी के लिए ₹22.67 करोड़ की लागत से जीजीसीएमपी नमूनों के भूरसायनिक विश्लेषण की भी सिफारिश की।

- 56वीं टीसीसी ने ₹4.89 करोड़ की लागत से 3 अन्वेषण प्रस्तावों की सिफारिश की। इसने 17 चालू परियोजनाओं की समीक्षा की और 8 चालू परियोजनाओं के लिए समय-सीमा विस्तार प्रदान किया। इसने 2.67 करोड़ रुपये की लागत से आधारभूत सर्वेक्षण (टीएस-क्यूसी, ब्लॉक 14) के प्रस्ताव की भी सिफारिश की।

- 57वीं टीसीसी ने ₹ 42.60 करोड़ की लागत के साथ 7 अन्वेषण प्रस्तावों की सिफारिश की। इसने 13 चालू परियोजनाओं की समीक्षा की और 9 चालू परियोजनाओं को समय-सीमा विस्तार प्रदान किया। इसने दो परियोजनाओं किरानागी-1 और किरानागी-2 ब्लॉक (₹ 1.49 लाख) और मलखेड-1 और मलखेड-2 ब्लॉक (₹ 10.19 लाख) को अतिरिक्त लागत की मंजूरी प्रदान की।

- 58वीं टीसीसी ने ₹ 13.47 करोड़ की लागत के साथ 6 अन्वेषण प्रस्तावों की सिफारिश की। इसने 31 चालू परियोजनाओं की समीक्षा की और 15 चालू परियोजनाओं को समय-सीमा विस्तार प्रदान किया। इसके अलावा त्रिपुरा और मणिपुर राज्य सरकार के ₹ 1.11 करोड़ की लागत के खरीद प्रस्तावों को भी ईसी अनुमोदन के लिए अनुशंसित किया गया। इसने 2.15 करोड़ रुपये की लागत से आधारभूत सर्वेक्षण (टीएस-क्यूसी, ब्लॉक 15) और 99.773 करोड़ रुपये की लागत से उत्तरी ट्रांसेक्ट में डीएसआरएस और एमटी सर्वेक्षण के प्रस्ताव की भी सिफारिश की।

- 59वीं टीसीसी ने 12.15 करोड़ रुपये की लागत से 6 अन्वेषण प्रस्तावों की सिफारिश की। इसने 15 चालू परियोजनाओं की समीक्षा की और 6 चालू परियोजनाओं को समय-सीमा विस्तार प्रदान किया। इसने चुपरभिता ब्लॉक के पूर्व में परियोजना (1.54 लाख रुपये) को अतिरिक्त लागत की मंजूरी प्रदान की।

- 60वीं टीसीसी ने 6.94 करोड़ रुपये की लागत से 4 अन्वेषण प्रस्तावों और 6 लाख रुपये की लागत से डीजीएम, बिहार के एक खरीद प्रस्ताव की सिफारिश की। इसने एमईसीएल के खरीद प्रस्ताव की भी समीक्षा की और इसे ईसी के अनुमोदन के लिए सिफारिश की। इसने 17 चालू परियोजनाओं की समीक्षा की और 7 चालू परियोजनाओं को समय-सीमा विस्तार प्रदान किया।

- 61वीं टीसीसी ने ₹12.93 करोड़ की लागत से 11 अन्वेषण प्रस्तावों की सिफारिश की। इसने 24 चालू परियोजनाओं की समीक्षा की और 14 चालू परियोजनाओं को समय-सीमा विस्तार प्रदान किया। गुजरात राज्य सरकारों के ₹4.14 करोड़ की लागत के खरीद प्रस्ताव को भी मंजूरी के लिए अनुशंसित किया गया। इसने महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों की खोज के लिए एनपीईए की 7 परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी भी प्रदान की। टीसीसी ने जी4 ब्लॉक में महत्वपूर्ण खनिज खोज के लिए एमईसीएल को ₹44.16 लाख के अन्वेषण प्रोत्साहन की भी सिफारिश की।

- 62वीं टीसीसी ने ₹17.03 करोड़ की लागत से 11 अन्वेषण प्रस्तावों की सिफारिश की। इसने 30 चालू परियोजनाओं की समीक्षा की और 22 चालू परियोजनाओं को समय-सीमा विस्तार प्रदान किया। गुजरात और मध्य प्रदेश राज्य सरकारों के ₹6.91 करोड़ की लागत के खरीद प्रस्ताव को भी अनुमोदन हेतु अनुशंसित किया गया। इसने महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों की खोज के लिए एनपीईए की 3 परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी भी प्रदान की।

- 63वीं टीसीसी ने ₹13.58 करोड़ की लागत वाले 7 अन्वेषण प्रस्तावों की सिफारिश की। इसने 31 चालू परियोजनाओं की समीक्षा की और 18 चालू परियोजनाओं को समय-सीमा विस्तार प्रदान किया। ₹7.53 करोड़ की लागत वाले मिजोरम और तेलंगाना राज्य सरकारों के खरीद प्रस्ताव को भी ईसी की मंजूरी के लिए अनुशंसित किया गया। इसने महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों की खोज के लिए एनपीईए की 2 परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी भी प्रदान की।

चित्र: दिनांक 28.06.2023 को आयोजित शासी निकाय की 5वीं बैठक

पुरस्कार एवं प्रोत्साहन

एनईएमटी ने अन्वेषण एजेंसियों के मनोबल को बढ़ाने और उन्हें अधिक से अधिक खनिज अन्वेषण प्रस्ताव प्रस्तुत करने तथा बदले में खनिजों के क्षेत्र में भारत को "आत्मनिर्भर" बनाने के लिए अधिक ब्लॉकों की नीलामी हेतु प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 94 खनिज ब्लॉकों की सफल नीलामी के लिए मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, गोवा और झारखंड की राज्य सरकारों को ₹18.80 करोड़ की राशि जारी की गई।

मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तराखंड की राज्य सरकारों को उन रद्द खनिज ब्लॉकों के लिए ₹6.87 करोड़ की राशि दी गई, जिन्हें राज्य सरकारों द्वारा नीलामी के लिए रखा गया था।




प्रोत्साहन राशि
(रु. करोड़ में)
9.00
8.00
7.00
6.00
5.00
4.00
3.00
2.00
1.00
0.00
8.30
7.17
1.80
1.70
1.55
1.25
1.24
1.00
0.95
0.60
0.10
राजस्थान
मध्य प्रदेश
महाराष्ट्र
कर्नाटक
छत्तीसगढ़
आंध्र प्रदेश
गुजरात
गोवा
उत्तर प्रदेश
झारखंड
उत्तराखंड

आधारभूत सर्वेक्षण और डेटा सृजन

सतही सर्वेक्षण में 1:50,000 पैमाने पर व्यवस्थित भूवैज्ञानिक मानचित्रण (एसजीएम), 1:25,000 पैमाने पर विशेष विषयगत मानचित्रण (एसटीएम), 1:50,000 पैमाने पर राष्ट्रीय भू-रासायनिक मानचित्रण (एनजीसीएम) और 1:50,000 पैमाने पर भू-गुरुत्वाकर्षण और चुंबकीय सर्वेक्षण करने के लिए राष्ट्रीय भूभौतिकीय मानचित्रण (एनजीपीएम) शामिल हैं। बहुसंवेदी हवाई भूभौतिकीय सर्वेक्षण ट्विन ओटर एयरबोर्न सर्वे सिस्टम (टीओएएसएस) और हेलीबोर्न भूभौतिकीय सर्वेक्षण सिस्टम (एचजीएसएस) को शामिल करके किए जाते हैं, जो खनिज संसाधनों, विशेष रूप से आधार धातुओं की खोज में एक महत्वपूर्ण सहायता है।

राष्ट्रीय हवाई-भूभौतिकीय मानचित्रण कार्यक्रम (एनएजीएमपी):

चुंबकीय-ग्रेडियोमेट्री और रेडियोमेट्रिक सर्वेक्षणों के साथ राष्ट्रीय हवाई-भूभौतिकीय मानचित्रण कार्यक्रम (एनएजीएमपी) को एनएमईटी निधि के माध्यम से जीएसआई द्वारा एक समान हवाई-भूभौतिकीय डेटा प्राप्त करने के लिए शुरू किया गया है, शुरुआत में दो चरणों में स्पष्ट भूवैज्ञानिक संभावना (ओजीपी) के क्षेत्रों में और उसके बाद परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों (पीआईए) को शामिल करके पूरे देश को कवर किया जाएगा, जिसका उद्देश्य है:

हाई रिज़ॉल्यूशन आधारभूत हवाई-भूभौतिकीय डेटा प्राप्त करना

खनिज पूर्वानुमान के लिए नए लक्ष्य क्षेत्रों की पहचान करना

उप सतही भूवैज्ञानिक और संरचनात्मक ढांचे को समझना

कार्यक्रम को एनएमईटी वित्त पोषण के तहत ईसी द्वारा अपनी 7वीं बैठक में मंजूरी दी गई थी। इस क्षेत्र को 22 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है, यानी ब्लॉक 1-12 और ब्लॉक 13-22, दो चरणों में, 300 मीटर की लाइन स्पेसिंग और जमीन से 80 मीटर की ऊंचाई पर स्पष्ट भूवैज्ञानिक संभावना क्षेत्र (ओजीपी) और आसपास के क्षेत्रों को कवर करने के लिए। कार्यक्रम का उद्देश्य शुरू में ओजीपी और उसके आसपास के क्षेत्रों पर एक समान हवाई-भूभौतिकीय डेटा प्राप्त करना है, इसके बाद एक विशिष्ट समय में पूरे देश को कवर करके खनिज लक्ष्यीकरण के लिए उपयुक्त क्षेत्रों का पूर्वानुमान लगाना है, ताकि देश में अन्वेषण गतिविधियों को बढ़ाया जा सके और खनिज क्षेत्र में निवेश आकर्षित किया जा सके।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सलाहकार फर्मों को बहुसंवेदी हवाई भूभौतिकीय सर्वेक्षण (एनएजीएमपी) की समग्र गतिविधियों के तकनीकी पर्यवेक्षण-सह-गुणवत्ता नियंत्रण (टीएस-क्यूसी) का काम सौंपा गया है।

एनएजीएमपी डेटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण, व्याख्या और एकीकरण की एक एकीकृत परियोजना है। इससे निम्नलिखित में मदद मिलेगी:

चुंबकीय और रेडियोमेट्रिक मानचित्रों की तैयारी (1: 500/400 K, 1:50 K)

विभिन्न व्युत्पन्न मानचित्रों की तैयारी (TMI, RTP, VD, AS, DR, eU, eTh, eK)

गहरे भ्रंशों, रंध्रों का पता लगाना

आगे के काम के लिए उपयोगी क्षेत्रों की पहचान करना

एनएजीएमपी के तहत, ओजीपी ब्लॉक-1, 2, 3, 4 और 11 का सर्वेक्षण और डेटा अधिग्रहण कार्य पूरा हो चुका है। इन हवाई भूभौतिकीय डेटा को संग्रहीत भूभौतिकीय, भूवैज्ञानिक और ज्ञात खनिज डेटा के साथ एकीकृत करने के आधार पर, अनुवर्ती कार्रवाई के लिए 150 संभावित ब्लॉकों की पहचान की गई है।

हवाई भूभौतिकीय सर्वेक्षण का उद्देश्य कम समय में पूरे ओजीपी क्षेत्रों को कवर करना और अधिक विस्तृत हेलीबोर्न सर्वेक्षणों के लिए लिए जाने वाले क्षेत्रों की जल्दी से पहचान करना है। यह खनिज अन्वेषण कार्य को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में काम करेगा और अन्वेषण गतिविधियों में सहायता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपॉजिटरी के माध्यम से विभिन्न हितधारकों के लिए हवाई भूभौतिकीय डेटा उपलब्ध कराएगा। वर्तमान में, नौ ओजीपी ब्लॉकों में काम प्रगति पर है।



मानचित्र 1: सर्वेक्षण ब्लॉकों (संख्यांकित) के साथ एनएजीएमपी सर्वेक्षण क्षेत्र और सर्वेक्षण की स्थिति

राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपोजिटरी (एनजीडीआर)

राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपोजिटरी (एनजीडीआर) परियोजना को कार्यकारी समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) को एनजीडीआर परियोजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी घोषित किया गया है। राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपोजिटरी (एनजीडीआर) निर्माण परियोजना की अवधारणा खान मंत्रालय (एमओएम) द्वारा राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण नीति (एनएमईपी), 2016 के भाग के रूप में की गई थी। परियोजना का उद्देश्य सभी भूवैज्ञानिक, भू-रासायनिक, भूभौतिकीय और खनिज अन्वेषण डेटा को डिजिटल भू-स्थानिक प्लेटफ़ॉर्म पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराना है। एनजीडीआर पोर्टल में आधारभूत भू-विज्ञान डेटा है और यह विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकार एजेंसियों के साथ-साथ खनिज रियायत धारकों द्वारा उत्पन्न सभी खनिज अन्वेषण सूचनाओं को एकत्रित करता है और इन्हें सिंगल पॉइंट ऑफ़ ट्रुथ (एसपीओटी) पर बनाए रखता है। एनजीडीआर पोर्टल एक अंतर-संचालन योग्य प्लेटफ़ॉर्म पर ऑन-डिमांड खनिज अन्वेषण और आधारभूत भूविज्ञान डेटा रिपोजिटरी के लिए सिंगल विंडो प्रणाली के रूप में कार्य करता है। इस पहल का बड़ा लक्ष्य भारत में खनन क्षेत्र के निवेश आकर्षण को बढ़ाना है। परियोजना के दो घटक हैं:

1. एनजीडीआर का कार्यान्वयन
2. एनजीडीआर का संचालन और रख-रखाव

जीएसआई द्वारा भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान (बीआईएसएजी-एन) के सहयोग से सार्वजनिक डोमेन में एनजीडीआर पोर्टल के कार्यान्वयन से संबंधित कार्य पूरा कर लिया गया है। एनजीडीआर पोर्टल को माननीय खान मंत्री द्वारा 19 दिसंबर, 2023 को लॉन्च किया गया था, जो दुनिया भर के सभी हितधारकों के लिए सुलभ है।

राष्ट्रीय भूभौतिकीय मानचित्रण कार्यक्रम (एनजीपीएम):

राष्ट्रीय भूभौतिकीय मानचित्रण कार्यक्रम (एनजीपीएम) की शुरुआत 2002-03 में जीएसआई द्वारा की गई थी। यह कार्यक्रम ओजीपी क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए पूरे देश को कवर करने के लिए एक स्टेशन घनत्व (एक स्टेशन/2.5 वर्ग किमी) में व्यवस्थित रूप से गुरुत्वाकर्षण और चुंबकीय डेटा उत्पन्न कर रहा है। खनिज घटनाओं के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के उद्देश्य से ओजीपी क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाती है। यह परियोजना खनिज संसाधनों को बढ़ाने के लिए छिपे हुए/गहरे स्थित निक्षेपों को लक्षित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस कार्यक्रम के तहत देश के 1mGal गुरुत्वाकर्षण और 50nT चुंबकीय विसंगति समोच्च मानचित्र तैयार किए जाएंगे। इस परियोजना को EC द्वारा 2099 टोपोशीट के क्षेत्र को कवर करने वाले प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर गुरुत्वाकर्षण और चुंबकीय सर्वेक्षण करने के लिए मंजूरी दी गई है, जिसकी अनुमानित लागत ₹ 385.86 करोड़ है। 207 टोपोशीट में एनजीपीएम का काम पहले ही जीएसआई द्वारा पूरा कर लिया गया है और 84 प्राथमिकता वाले टोपोशीट के लिए निविदा प्रक्रिया चल रही है।

गहन-भूकंपीय परावर्तन सर्वेक्षण (DSRS) और मैग्नेटोटेल्यूरिक सर्वेक्षण (MT)

डीएसआरएस और एमटी सर्वेक्षण, छिपे हुए खनिज निक्षेपों के खनिज प्रणाली घटकों के पदचिह्नों को समझने के लिए लिथोस्फेरिक वास्तुकला को समझने के लिए एक जरूरी आवश्यकता है। भारत के पास खनिज अन्वेषण और महाद्वीप के खनिज निक्षेप के बारे में ज्ञान के लिए संचित भू-वैज्ञानिक डेटा का एक समृद्ध इतिहास है। यह उन्नत भूभौतिकी (डीएसआरएस और एमटी), भू-रसायन, वेधन आदि के अनुप्रयोग के साथ मिलकर अज्ञात खनिज निक्षेपों को लक्षित करने के लिए एक संभावित स्रोत के रूप में काम करेगा। डीएसआरएस और एमटी सर्वेक्षणों का अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या क्रस्ट मेंटल इंटरफेस सहित लिथोस्फीयर-एस्थेनोस्फीयर की गहराई तक लिथोस्फेरिक वास्तुकला को स्पष्ट करता है।

डीएसआरएस प्रोफाइल के साथ उद्देश्य और व्यवहार्यता के अनुसार विभिन्न मोड (एएमटी, बीबीएमटी और एलपीएमटी) में एमटी सर्वेक्षण किया जाएगा।

ईसी ने अपनी 32वीं बैठक में जीएसआई के लिए 99.73 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से वाइब्रोसिस स्रोत द्वारा ~215 लाइन किमी तथा एक्सप्लोसिव स्रोत द्वारा ~485 लाइन किमी के लिए गहन परावर्तन भूकंपीय डाटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण तथा व्याख्या तथा ~500 लाइन किमी के लिए एमटी डाटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण तथा व्याख्या को मंजूरी दी है।





मानचित्र:2 बहुसंवेदी हवाई भूभौतिकीय मानचित्रण कार्यक्रम (एनएजीएमपी) के परिणाम

परियोजनाओं की स्थिति

तकनीकी-सह-लागत समिति की अनुशंसा पर, कार्यकारी समिति ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान ₹ 502.49 करोड़ की अनुमानित लागत के साथ 72 खनिज अन्वेषण परियोजनाओं, 8 आधारभूत सर्वेक्षण परियोजनाओं, 8 खरीद परियोजनाओं और एस एवं टी प्रिज्म योजना के तहत 1 परियोजना को मंजूरी दी। एनएमईटी द्वारा स्वीकृत 72 अन्वेषण परियोजनाओं में से 32 परियोजनाएँ महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों की हैं। परियोजनाओं का विवरण अनुबंध-8, 9 एवं 10 में दिया गया है।

वर्ष 2023-24 में ईसी द्वारा अनुमोदित खनिज अन्वेषण परियोजनाओं का खनिज-वार वितरण नीचे दिया गया है:

आधार धातु परियोजनाओं की संख्या **02**	आधार धातु और सोना परियोजनाओं की संख्या **04**	बॉक्साइट एवं अन्य खनिज परियोजनाओं की संख्या **02**	तांबा एवं अन्य खनिज परियोजनाओं की संख्या **01**
हीरा एवं रत्न परियोजनाओं की संख्या **03**	सोना एवं अन्य खनिज परियोजनाओं की संख्या **09**	सीसा परियोजनाओं की संख्या **08**	लौह अयस्क एवं अन्य खनिज परियोजनाओं की संख्या **03**
चूना पत्थर परियोजनाओं की संख्या **13**	मैंगनीज एवं अन्य खनिज परियोजनाओं की संख्या **04**	पीजीई एवं संबंधित खनिज परियोजनाओं की संख्या **02**	फास्फोराइट परियोजनाओं की संख्या **02**
पोटाश परियोजनाओं की संख्या **01**	आरईई परियोजनाओं की संख्या **06**	रॉक फॉस्फेट परियोजनाओं की संख्या **01**	टिन परियोजनाओं की संख्या **01**
वैनेडियम और टाइटेनियम परियोजनाओं की संख्या **01**			

खान मंत्रालय
भारत सरकार

कार्यकारी समिति द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं का राज्य-वार वितरण




राशि (रु. करोड़ में)
35.0
30.0
25.0
20.0
15
10
5
0
27.6
11.1
23.2
9.3
31.9
12.5
3.5
1.4
3.2
1.3
14.8
6.0
3.4
1.4
4.3
1.2
3.1
1.3
3.4
0.4
10.8
4.0
1.4
0.0
4.3
3.4
3.1
1.4
3.0
1.2
1.8
0.7
राजस्थान (02)
ओडिशा (09)
मध्य प्रदेश (19)
तमिलनाडु (02)
झारखंड (03)
कर्नाटक (07)
छत्तीसगढ़ (04)
महाराष्ट्र (07)
असम (01)
उत्तर प्रदेश (02)
गुजरात (09)
पश्चिम बंगाल (01)
केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर (01)
उत्तराखंड (03)
मेघालय (01)
अरुणाचल प्रदेश (01)
स्वीकृत परियोजना लागत (रु. करोड़ में)
व्यय (रु. करोड़ में)



राशि (रु. करोड़ में)
35.0
30.0
25.0
20.0
15
10
5
0
5.2
0.6
4.7
1.9
2.7
1.1
14.8
7.6
21.9
8.8
10.2
3.1
19.1
7.6
19.1
7.6
14.4
6.3
29.5
12.1
8.4
3.4
1.3
0.3
1.1
0.8
2.2
0.0
आधार धातु एवं अन्य खनिज (03)
बॉक्साइट (04)
तांबा एवं अन्य खनिज (01)
हीरा और रत्न (03)
सोना एवं अन्य खनिज (09)
ग्रेफाइट (08)
लौह अयस्क (12)
चूना पत्थर (13)
मैंगनीज एवं अन्य खनिज (04)
उर्वरक (04)
आरईई (06)
पीजीई और निकल (02)
टिन और टंगस्टन (01)
टाइटेनियम और वैनेडियम (02)
स्वीकृत परियोजना लागत (रु. करोड़ में)
व्यय (रु. करोड़ में)

वित्तीय निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास (NMET) का वित्तीय निष्पादन निम्नानुसार है:

1. खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1957 की धारा 9 (सी) की उपधारा 4 के प्रावधानों के अनुसार, एनएमईटी प्राप्तियों के रूप में भारत की समेकित निधि (CFI) में ₹950.97 करोड़ का संग्रह जमा किया गया है। स्थापना के बाद से, 31.03.2024 तक ₹5504.37 एनएमईटी प्राप्तियों का संग्रह किया गया है।

   एनएमईटी प्राप्तियों का राज्यवार एवं कुल संग्रहण विवरण नीचे दिया गया है:

(रु. करोड़ में)

क्र. सं.	राज्य	2023-24	कुल
1	ओडिशा	349.62	1,709.90
2	छत्तीसगढ	128.23	843.07
3	झारखंड	132.33	748.14
4	राजस्थान	71.16	479.79
5	मध्य प्रदेश	98.62	456.74
6	कर्नाटक	71.08	296.59
7	तेलंगाना	26.42	176.38
8	महाराष्ट्र	40.22	189.01
9	तमिलनाडु	12.03	110.38
10	आंध्र प्रदेश	10.48	55.96
11	गुजरात	4.92	48.17
12	उत्तर प्रदेश	-	29.75
13	गोवा	-	29.41
14	हिमाचल प्रदेश	1.88	15.07
15	मेघालय	1.59	9.22
16	असम	0.76	4.25
17	पश्चिम बंगाल	0.36	2.76
18	जम्मू और कश्मीर	0.23	1.43
19	केरल	0.31	1.32
20	उत्तराखंड	0.72	0.75
21	विविध		296.29
	कुल	**950.96**	**5,504.37**

2. एनएमईटी की स्वीकृत लेखा प्रक्रिया के अनुसार, भारत के समेकित कोष से एनएमईटी प्राप्तियों को राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास सार्वजनिक निधि खाते में स्थानांतरित करने के लिए बजट प्रावधान किए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सीएफआई से एनएमईटी सार्वजनिक निधि खाते में ₹1296.50 करोड़ स्थानांतरित किए गए हैं। स्थापना के बाद से, सीएफआई से एनएमईटी सार्वजनिक निधि खाते में ₹4738.32 करोड़ स्थानांतरित किए गए हैं।

3. एनएमईटी को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ₹400 करोड़ का बजट प्राक्कलन प्राप्त हुआ है, जिसे बाद में आधारभूत भूविज्ञान डेटा सृजन, खनिज अन्वेषण आदि से संबंधित परियोजनाओं के व्यय को पूरा करने के लिए संशोधित कर ₹296.50 करोड़ कर दिया गया। ₹296.50 करोड़ में से, ₹296.27 करोड़ का उपयोग 2023-24 में (लगभग 100% उपयोग) किया गया है। वर्ष 2023-24 के दौरान, एनएमईटी का व्यय पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 85% की धनात्मक वृद्धि के साथ बढ़ा है।

एनएमईटी द्वारा किए गए व्यय की वर्षवार राशि नीचे संलग्न है:



4. वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान किए गए भुगतान का विवरण अनुलग्नक-7 के रूप में संलग्न है।

5. वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, ₹502.50 करोड़ की राशि की 89 परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। स्थापना के बाद से, 31.03.2024 तक एनएमईटी द्वारा ₹2262.59 करोड़ की राशि की 378 परियोजनाएं स्वीकृत की गईं।

6. लेखा परीक्षा महानिदेशक, खान, कोलकाता के कार्यालय ने वर्ष 2023 में राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास के कामकाज पर एक विषयगत ऑडिट पैरा तैयार किया। इस पैरा में एनएमईटी से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर 8 उप-पैरा शामिल हैं। लेखा परीक्षा महानिदेशक, खान के कार्यालय को औचित्य और सहायक दस्तावेजों के साथ जवाब प्रस्तुत किया गया, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 8 में से 6 उप-पैरा का निपटान किया गया। शेष 2 उप-पैरा का अनुपालन प्रगति पर है।

अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियाँ

राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण नीति (एनएमईपी), 2016 में देश के विशाल खनिज संसाधनों की खोज और दोहन के लिए निजी क्षेत्र की तकनीकी विशेषज्ञता, प्रौद्योगिकीय क्षमता और वित्तीय संसाधनों का उपयोग करने के लिए खनिज अन्वेषण के सभी क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए खनिज अन्वेषण में निजी क्षेत्र की भागीदारी की परिकल्पना की गई है। इसमें अन्वेषण एजेंसियों को अन्वेषण कार्यों के लिए अपने जोखिम को कम करने के लिए प्रोत्साहन की भी परिकल्पना की गई है।

वर्ष 2021 में खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम) में संशोधन ने केंद्र सरकार को पूर्वेक्षण कार्यों को करने के लिए निजी क्षेत्र की संस्थाओं को अधिसूचित करने का अधिकार दिया है। अधिसूचित निजी क्षेत्र की अन्वेषण एजेंसियों (एनपीईए) की भागीदारी ने देश में अन्वेषण गतिविधियों को गति प्रदान की है और नीलामी के लिए उपयुक्त अधिक ब्लॉकों की पहचान करने में सक्षम बनाया है।

संशोधनों के अनुरूप, एनएमईटी के शासी निकाय ने मई 2022 में एनएमईटी वित्त पोषण के माध्यम से खनिज अन्वेषण में अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियों (एनपीईए) की नियुक्ति की योजना को मंजूरी दी।

इसके अलावा, वर्ष 2023 में खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम) में संशोधन के साथ, केंद्र सरकार ने एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की पहली अनुसूची के भाग डी और सातवीं अनुसूची में निर्दिष्ट खनिज की खोज में एनपीईए की नियुक्ति की योजना में बदलाव पेश किए हैं। एनपीईए द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों को अनुमोदन और मंजूरी के लिए सीधे राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास (एनएमईटी) द्वारा संभाला जा रहा है। एनएमईटी सीधे एनएमईटी को प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों के शीघ्र निष्पादन के लिए एनएमईटी निधि से एनपीईए को मोबिलाइजेशन एडवांस भी प्रदान कर रहा है।

मार्च, 2022 से खान मंत्रालय ने एनएमईटी वित्त पोषण से अन्वेषण परियोजनाएं करने के लिए 20 निजी अन्वेषण एजेंसियों को अधिसूचित किया है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, 7 अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियों (एनपीईए) को एनएमईटी निधि से ₹29.12 करोड़ की राशि की 23 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। अब तक स्वीकृत 23 परियोजनाओं में से 15 महत्वपूर्ण खनिजों की हैं।

खान मंत्रालय
भारत सरकार

एन.पी.ई.ए. की सूची

क्रम संख्या	एजेंसी का नाम	नोटिफिकेशन की तिथि
1	मैसर्स कार्तिके एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	14 सितम्बर 2023
2	मैसर्स एंजियोटेक कंसल्टेंट	31 अगस्त 2023
3	मेसर्स इंफ्रास्ट्रक्चर लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड	28 फरवरी 2023
4	मेसर्स नोवोमाइन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	28 फरवरी 2023
5	मेसर्स इकोमेन लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड	29 सितम्बर 2022
6	मेसर्स जियोएक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग सॉल्यूशंस	29 सितम्बर 2022
7	मेसर्स जियो मरीन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड	29 सितम्बर 2022
8	मेसर्स माहेश्वरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड	29 अगस्त 2022
9	मेसर्स वी. एम. सलगांवकर एंड ब्रदर प्राइवेट लिमिटेड	22 मई 2022
10	मेसर्स जियोएक्सपोर प्राइवेट लिमिटेड	02 मई 2022
11	मेसर्स जियोवेल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	02 मई 2022
12	मेसर्स जेमकोकाटी एक्सप्लोरेशन प्राइवेट	07 अप्रैल 2022
13	मेसर्स जियोटेकनिकल माइनिंग सॉल्यूशंस	07 अप्रैल 2022
14	मेसर्स यूनाइटेड एक्सप्लोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	07 अप्रैल 2022
15	मेसर्स इंडियन माईन प्लानर्स एंड कंसल्टेंट	05 अप्रैल 2022
16	मेसर्स नेचुरल रिसोर्स डिविजन-टाटा स्टील लिमिटेड	02 मार्च 2022
17	मेसर्स रामगढ़ मिनरल एंड माइनिंग लिमिटेड	19 जनवरी 2024
18	मेसर्स पीआरबी इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड	19 जनवरी 2024
19	मेसर्स कुन्दन कॉन्सेंट्रेट्स प्राइवेट लिमिटेड	19 जनवरी 2024
20	मेसर्स जेम्स प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड	19 जनवरी 2024
21	मेसर्स क्रिटिकल मिनेरल ट्रैकर	24 जून 2024
22	मेसर्स माइनिंग टेक कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड	24 जून 2024

एनएमईटी द्वारा किए गए कार्यों की मुख्य बातें

अपनी स्थापना के बाद से ही एनएमईटी देश में खनिज अन्वेषण गतिविधियों को वित्त पोषित कर रहा है। इसमें खनिज विकास पर अध्ययन; किसी क्षेत्र में खनिज अन्वेषण की स्थिति को जी3 से जी2/जी1 स्तर तक उन्नत करना; सामरिक और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए विस्तृत और क्षेत्रीय अन्वेषण; खनिज रियायतों के अनुदान के लिए अन्वेषण; हवाई और जमीनी भूभौतिकीय सर्वेक्षण; भू-रासायनिक सर्वेक्षण; और मशीनरी/प्रयोगशाला उपकरण/यंत्र आदि की खरीद के माध्यम से कार्यान्वयन एजेंसियों का क्षमता निर्माण शामिल हैं।

एनएमईटी ने देश में अन्वेषण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं और प्रोत्साहन शुरू किए हैं, जैसे, खनिज ब्लॉकों की नीलामी में तेजी लाने के लिए राज्यों को प्रोत्साहन, जी4 चरण की खनिज अन्वेषण परियोजनाओं के उन्नयन/नीलामी पर कार्यान्वयन एजेंसियों को अन्वेषण प्रोत्साहन, एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की पहली अनुसूची के भाग बी में खनिजों को छोड़कर सभी प्रमुख खनिजों की खोज के लिए सीधे एनएमईटी के माध्यम से अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियों (एनपीईए) को शामिल करने की योजना (अनुलग्नक-11), जेएनएआरडीसीसी के माध्यम से खान मंत्रालय की एस एंड टी-प्रिज्म योजना के तहत स्टार्ट-अप और एमएसएमई परियोजनाओं का वित्तपोषण, समग्र लाइसेंस (सीएल) धारकों के लिए एनएमईटी से अन्वेषण व्यय की आंशिक प्रतिपूर्ति की योजनाएँ (अनुलग्नक-12) ।

एनएमईटी देश के खनिज संसाधनों को बढ़ाने के लिए देश में अन्वेषण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अपने खर्च को दोगुना करने का लक्ष्य बना रहा है।

एनएमईटी महत्वपूर्ण, गहरे स्थित और दुर्लभ पृथ्वी खनिजों की खोज को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और उन्नत केंद्रों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके केंद्र सरकार की एजेंसियों और राज्य सरकारों को भी समर्थ बना रहा है।

खान मंत्रालय राष्ट्रीय और राज्य स्तर की कार्यशालाओं का आयोजन करके और सोशल मीडिया, कार्यक्रमों, आभासी बैठकों आदि के माध्यम से जागरूकता पैदा करके अधिक निजी अन्वेषण एजेंसियों की भागीदारी पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप देश में अन्वेषण गतिविधियों को बढ़ाया जा रहा है। इसका लक्ष्य देश के खनिज संसाधनों को बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय और गहन अन्वेषण में सुधार पर खर्च की राशि को दोगुना करना है।

एनएमईटी के लिए डायनामिक वेब पोर्टल का विकास प्रगति पर है। इससे परियोजनाओं को प्रस्तुत करने, परियोजनाओं की निगरानी करने, अनुमोदन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और एजेंसियों के बीच सूचना साझा करने/सहयोग को बढ़ाने की प्रक्रिया, आसान हो जाएगी।

एनएमईटी ने मार्च, 2024 तक विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों को वित्त पोषण के लिए कुल 378 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। मार्च, 2024 तक कुल 206 परियोजनाएँ पूरी हो चुकी हैं। शेष परियोजनाओं का कार्य निष्पादनाधीन है।

विभिन्न अन्वेषण गतिविधियों की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं-

1. एनएमईटी द्वारा वित्त पोषित, जीचरणमें झारखंड और मध्य और जी31 प्रदेश राज्यों में अंवेषित कोयला ब्लॉक क्रमशः दक्षिण दामुदा ब्लॉक और उरतन उत्तर के उत्तर ब्लॉक (लामाटोला ब्लॉक) की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है, इससे खदान के जीवनकाल में ₹65000 करोड़ का राजस्व उत्पन्न होगा।
2. एनएमईटी ने महत्वपूर्ण और सामरिक खनिज अन्वेषण के लिए ₹70.69 करोड़ की 33 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।
3. एनएमईटी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ₹ 296.27 करोड़ का उपयोग करके अन्वेषण गतिविधियों पर व्यय की एक रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 85% अधिक उपयोग था।

खनिज ब्लॉकों की नीलामी के लिए राज्यों को प्रोत्साहित करने और राज्य सरकारों द्वारा नीलामी के लिए रखे जाने वाले अधिक से अधिक ब्लॉकों को बढ़ावा देने के लिए एनएमईटी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान खनिज ब्लॉकों की नीलामी के लिए प्रोत्साहन के रूप में राज्य सरकारों को ₹25.67 करोड़ प्रदान किए।

इसके अलावा, एमएमडीआर अधिनियम, 1957 में अगस्त, 2023 में हुए संशोधन के अनुरूप अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियों (एनपीईए) द्वारा एनएमईटी अनुमोदित परियोजनाओं के तेजी से कार्यान्वयन के लिए, एनएमईटी ने दिसंबर, 2023 में, गहरे, महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों के अन्वेषण के लिए सीधे एनएमईटी के माध्यम से एनपीईए की भागीदारी के लिए एक परिवर्तनकारी योजना शुरू की। एनएमईटी ने योजना के तहत 9.10 करोड़ रूपये की 5 एनपीईए की 7 परियोजनाओं को मंजूरी दी है ।

एनएमईटी ने तकनीकी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के संगठनों और राज्य डीजीएम/डीएमजी में मशीनरी/उपकरण/यंत्रों की खरीद/मौजूदा सॉफ्टवेयर और अन्य नवीनतम प्रौद्योगिकी और उपकरणों के उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए वित्त वर्ष 2022-23 में एक योजना तैयार और परिचालित की है। वित्त वर्ष 2023-24 में इस योजना ने गति पकड़ी है और राज्य सरकारें और अन्य केंद्रीय एजेंसियां एनएमईटी को वित्तीय सहायता के लिए अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए आगे आ रही हैं। इस योजना के अंतर्गत, केंद्र सरकार के संगठन की ₹32.45 करोड़ की एक परियोजना और राज्य डीजीएम/डीएमजी की ₹12.65 करोड़ की छह परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

देश के पूर्वोत्तर राज्यों में खनिज अन्वेषण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उनके बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजना के तहत भारत के सभी पूर्वोत्तर राज्यों को एनएमईटी द्वारा वित्त पोषित किया गया है। उपकरणों की सूची अनुलग्नक-12 में संलग्न है।

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान एनएमईटी की उपलब्धि

स्वीकृत 89 खनिज अन्वेषण/ वित्तीय सहायता, खरीद/ बेसलाइन सर्वेक्षण / अनुसंधान एवं नवप्रवर्तन परियोजनाएँ	**लागत रु. 502.49 करोड़**
महत्वपूर्ण खनिजों की 38 परियोजनाएँ (लक्ष्य 20 परियोजनाएँ)	**लागत रु. 95.13 करोड़**
एनपीईए की 23 परियोजनाएं (लक्ष्य 20 परियोजनाएँ)	**लागत रु. 24.74 करोड़**
पीएसयू 01 राज्य और 05 को वित्तीय सहायता	**लागत रु. 45.10 करोड़**
एसटी एवं प्रिज्म योजना के अंतर्गत परियोजनाओं 01	**लागत रु. 1.20 करोड़**
वित्त वर्ष 2023-24 में 296.27 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया (लक्ष्य 296 50 करोड़ रुपये)	**वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 85% बजट का उपयोग बढ़ाया गया।**
राज्यों में 4, एनपीईए द्वारा निष्पादित परियोजनाओं के लिए 11 फील्ड निरीक्षण दौरे	**प्रभावी परियोजना समीक्षा एवं निगरानी तंत्र के लिए**
महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों की खोज के लिए, सीधे एनएमईटी के माध्यम से एनपीईए का लाभ उठाना के लिए परिवर्तनकारी योजना का अनावरण किया	**महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों के अंवेषण को बढावा।**

अनुबंध-1

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 508] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 14, 2015/श्रावण 23, 1937
No. 508] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 14, 2015/SRAVANA 23, 1937

खान मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 14 अगस्त, 2015

सा.का.नि.633(अ).-केन्द्रीय सरकार, खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (1957 का 67) की धारा 9ग की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एक न्यास जिसे शासकीय निकाय और कार्यकारी समिति के साथ राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास कहा जाएगा, की स्थापना करती है।

(1) शासकीय निकाय में निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात् :-

(क)	खान मंत्रालय का भार साधक संघ मंत्री;	अध्यक्ष, पदेन
(ख)	कोयला मंत्रालय का भार साधक संघ मंत्री या उसका नामनिर्देशिती ;	सदस्य, पदेन
(ग)	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का भार साधक संघ मंत्री या उसका नामनिर्देशिती ;	सदस्य, पदेन
(घ)	परमाणु ऊर्जा के लिए राज्य मंत्री या उसका नामनिर्देशिती ;	सदस्य, पदेन
(ङ)	खान के लिए राज्य मंत्री ;	सदस्य, पदेन
(च)	खान और भूविज्ञान का भारसाधन रखने वाले राज्य सरकारों के छह मंत्री, राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास के शासकीय निकाय के अध्यक्ष द्वारा चक्रानुक्रम आधार पर पुनर्नामनिर्देशन के लिए पात्रता के साथ, दो वर्ष से अनधिक अवधि के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाएगा ;	सदस्य, पदेन

(छ)	सचिव, खान मंत्रालय ;	संयोजक, पदेन
(ज)	विशेष आमंत्रित, जो सुसंगत क्षेत्र से अनुभव रखते हो, राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास के शासकीय निकाय के अध्यक्ष द्वारा आमंत्रित किए जाएंगे ;	

(2) कार्यकारी समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात् :-

(क)	सचिव, खान मंत्रालय	अध्यक्ष, पदेन
